# अभ्यास # 1

## A. बहुचयनात्मक प्रकार के प्रश्न

**Q.1** मूल रोम द्वारा जल का अवशोषण तभी होता है -
(A) कोशिका रस में विलेय पदार्थों की सांद्रता उच्च होती है।
(B) पादप में श्वसन दर तीव्र होती है।
(C) जब वे एक पारगम्य झिल्ली द्वारा मृदा से पृथक होते है।
(D) मृदा मे लवण की सांद्रता अधिक होती है।

**Q.2** निम्न में से कौन पादपों में जल के संवहन से संबंधित है ?
(A) फ्लोएम (B) जाइलम
(C) अधिचर्म (D) एधा

**Q.3** पादपों में वाष्पोत्सर्जन दर निम्न होती है -
(A) वायुमण्डल में आर्द्रता अधिक होती है।
(B) कोशिका में जल अधिक मात्रा में होता है।
(C) वातावरणीय शुष्कता अधिक होती है।
(D) वायु की गति तीव्र होती है।

**Q.4** निम्न में से कौन सी क्रिया पादप को शीतलता प्रदान करती है ?
(A) वाष्पोत्सर्जन (B) बिन्दु स्त्राव
(C) प्रकाश संश्लेषण (D) परिसंचरण

**Q.5** प्रष्ठाधारी पर्ण में वाष्पोत्सर्जन दर होती है -
(A) ऊपरी सतह पर अधिक
(B) निचली सतह पर अधिक
(C) दोनों सतहों पर समान
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Q.6** बंद प्रकार के परिसंचरण तंत्र में रक्त बंद होता है-
(A) कंकाल में (B) शिरा कोटर में
(C) वाहिनियों में (D) ह्रदय में

**Q.7** निम्न में से जंतुओं के किस वर्ग में ह्रदय ऑक्सीजन रहित रक्त को पम्प करता है?
(A) मछलियों में (B) रेप्टीलिया
(C) पक्षियों में (D) एम्फीलिया

**Q.8** हीमोग्लोबिन पाया जाता है -
(A) सभी अकशेरूकियों में
(B) केवल कशेरूकियों में
(C) केचुएँ तथा खरगोश में
(D) कॉकरोच तथा केचुएँ में

**Q.9** शरीर में सूक्ष्मतम रूधिर वाहिका है -
(A) केशिकाएँ (B) धमनी
(C) महाशिरा (D) शिरा

**Q.10** कोशिकीय द्रव्य तथा रक्त के मध्य पदार्थों का आदान प्रदान होता है -
(A) शिराओं में (B) कोशिकाओं में
(C) धमनी में (D) आलिन्द में

**Q.11** लाल रूधिर कोशिका तथा श्वेत रूधिर कोशिका का निर्माण होता है -
(A) अस्थि मज्जा में (B) थाइमस में
(C) आंलिन्द भित्ति में (D) लसिका गांठो में

**Q.12** लाल रूधिर कोशिकाओं का जीवनकाल होता है -
(A) एक सप्ताह (B) एक माह
(C) चार माह (D) एक वर्ष

**Q.13** रक्त का कौनसा भाग रक्त का अधिक आयतन बनाता है ?
(A) लाल रूधिर कोशिका
(B) प्लाज्मा
(C) रक्त प्रोटीन

(D) श्वेत रूधिर कोशिका

**Q.14** ऊँचाई पर रहने पर लाल रूधिर कोशिकाओं की संख्या बढ़ जाती है, क्योकि -

(A) पर्वतों पर $O_2$ कम मात्रा में होती है।

(B) शरीर को गर्म रखने हेतु अधिक ताप की आवश्यकता होती है।

(C) पर्वतीय वायु में जीवाणु अनुपस्थित होते है।

(D) पर्वतों पर $O_2$ अधिक मात्रा में होती है।

**Q.15** "ल्यूकेमिया" एक प्रकार का कैंसर है जो कि होता है -

(A) श्वेत रूधिर कोशिका के अधिक निर्माण के कारण

(B) लाल रूधिर कोशिका के अधिक निर्माण के कारण

(C) रूधिर प्लेट्लेट्स के अधिक निर्माण के कारण

(D) उपरोक्त सभी

**Q.16** नर की अपेक्षा मादाओं को भोजन में आयरन की अधिक आवश्यकता होती है, क्योंकि -

(A) मासिक धर्म के समय आयरन की हानि होती है।

(B) उनमें अस्थिमज्जा कम मात्रा में होती है।

(C) उनमें रूधिर की मात्रा अधिक होती है।

(D) वे आयरन का अवशोषण करने में असमर्थ होते है।

**Q.17** रक्त वाहिनी में उपस्थित रक्त का थक्का कहलाता है -

(A) थ्रोम्बोसिस (B) एग्लुटिनिन

(C) थक्का (D) थ्रोम्बस

**Q.18** मानव में रक्त स्कंदन हेतु प्रोथ्रोम्बिन की आवश्यकता होती हे, जिसका निर्माण होता है -

(A) यकृत में (B) आमाशय में

(C) ग्रसनी में (D) प्लीहा में

**Q.19** $O_2$ युक्त रक्त का परिवहन होता है -

(A) फुफ्फसीय अथवा पल्मोनरी शिरा द्वारा

(B) फुस्फुसीय धमनी द्वारा

(C) यकृत निवाहिका शिरा द्वारा

(D) वृक्क शिरा द्वारा

**Q.20** स्तनधारियों में $O_2$ युक्त रक्त हृदय में प्रवेश करता है -

(A) दायें आलिन्द में

(B) बायें आलिन्द में

(C) दायें निलय में

(D) बायें निलय में

**Q.21** पक्षियों में $O_2$ युक्त रक्त हृदय के किस कोश में सर्वप्रथम प्रवेश करता है -

(A) दायें आलिन्द में (B) दायें निलय में

(C) बायें निलय में (D) बायें आलिन्द में

**Q.22** त्रिवलनी कपाट पाया जाता है ?

(A) दायें आलिन्द में (B) बायें निलय में

(C) दायें निलय में (D) बांये आलिन्द में

**Q.23** त्रिवलनी कपाट पाया जाता है -

(A) दायें आलिन्द तथा दाये निलय के मध्य

(B) फुस्फुसीय धमनी तथा बांये निलय के मध्य

(C) ग्रीवा दैहिक चाप तथा बायें निलय के मध्य

(D) बांये निलय तथा दांये आलिन्द के मध्य

**Q.24** निम्न में से किसे हृदय का पेसमेकर कहते है ?

(A) शिरा आलिन्द पर्व

(B) आलिन्द निलय पर्व

(C) हिस का पूल

(D) आलिन्द निलय पट

**Q.25** लसिका का रंग होता है -

(A) श्वेत (B) पीला

(C) रंगहीन (D) दूधिया

# अभ्यास # 2

## A. अतिलघुउत्तरात्मक प्रकार के प्रश्न

**Q.1** परिवहन क्या होता है ?

**Q.2** परिसंचरण तंत्र को परिभाषित कीजिये ?

**Q.3** लाल रूधिर कोशिकाओं का जीवनकाल कितना होता है ?

**Q.4** रूधिर प्लेट्लेट्स का कार्य लिखिये ?

**Q.5** रूधिर का संगठन बताइये ।

**Q.6** सीरम क्या है ?

**Q.7** आलिन्द तथा निलय के मध्य पाये जाने वाले कपाटों का नाम बताइये।

**Q.8** उन रक्त वाहिनियों का नाम लिखिये जो कि $O_2$ रहित रक्त फेफड़ो तथा ह्रदय तक ले जाती है।

**Q.9** दोहरे परिसंचरण को परिभाषित कीजिये।

**Q.10** वाष्पोत्सर्जन क्या है ?

**Q.11** जाइलम में उपस्थित कोशिकाओं के नाम लिखिये

**Q.12** ट्रेकीयरी तत्व क्या है ?

## B. लघुउत्तरात्मक प्रकार के प्रश्न

**Q.13** परिवहन के कार्य बताइये

**Q.14** परिवहन के विभिन्न चरणों को बताइये।

**Q.15** रूधिर कोशिकाओं की रचना तथा कार्य बताइये ?

**Q.16** धमनियों के बारे में टिप्पणी कीजिये ?

**Q.17** धमनी तथा शिरा में अंतर बताइये।

**Q.18** दोहरा परिसंचरण क्या है।

**Q.19** जाइलम को समझाइये।

**Q.20** जाइलम तथा फ्लोएम में अन्तर बताइये।

**Q.21** आप वाष्पोत्सर्जन को कैसे परिभाषित करोंगे ?

## C. निबंधात्मक प्रकार के प्रश्न

**Q.22** ह्रदय की संरचना तथा कार्यप्रणाली चित्र सहित समझाइये।

**Q.23** रूधिर संघटन बताइये तथा प्रत्येक का कार्य भी लिखिये ?

**Q.24** मानव में रक्त समूह को समझाइये ?

**Q.25** रूधिर के कार्य लिखिये